# गैस किल्लत से जनता काफी ज्यादा परेशान

## छतरपुर में 8000 से ज्यादा बुकिंग पेंडिंग, एजेंसियों पर लग रहीं लंबी कतारें

**छतरपुर, 25 मार्च. जिले में रसोई गैस की किल्लत ने आम जनता की परेशानी बढ़ा दी है. प्रशासन जहां 39 एजेंसियों में 7087 सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक होने का दावा कर रहा है, वहीं जमीनी स्थिति इससे अलग नजर आ रही है.**

**मांग ज्यादा, सप्लाई कम पड़ रही**

**होम डिलीवरी प्रभावित, लोग लाइन में**

**प्रशासन के दावे और जमीनी हकीकत अलग**

केवल छतरपुर शहर की चार प्रमुख एजेंसियों में ही 8000 से अधिक बुकिंग पेंडेंसी पहुंच चुकी है, जिससे उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं.

होम डिलीवरी प्रभावित होने के कारण लोग सुबह से ही गैस एजेंसियों और गोदामों के बाहर लंबी कतारों में लगने को मजबूर हैं. मंगलवार को पन्ना रोड स्थित गोदाम पर बड़ी संख्या में उपभोक्ता पहुंचे. ईद के चलते सप्लाई प्रभावित रही, वहीं सोमवार को एजेंसी बंद रहने से मंगलवार को अचानक भीड़ बढ़ गई. प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार जिले में प्रतिदिन करीब 4500 सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा है,



लेकिन मांग इससे कहीं अधिक है. मांग और आपूर्ति के बीच बढ़ते अंतर के कारण स्थिति गंभीर होती जा रही है, जिससे आम लोगों के घरों के चूल्हे तक प्रभावित हो रहे हैं.

# बुजुर्ग की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या

## छतरपुर के झिंगरी गांव में वारदात, आरोपी फरार

**छतरपुर, 25 मार्च. जिले के भगवा थाना क्षेत्र के ग्राम झिंगरी में एक बुजुर्ग के साथ बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है, जिसमें इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. घटना के बाद इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है.**

**पुराने विवाद में बुजुर्ग पर हमला**

**अस्पताल में इलाज के दौरान मौत**


**पोस्टमार्टम के बाद जांच तेज**

जानकारी के अनुसार, मृतक श्याम आदिवासी पर गांव के ही एक व्यक्ति ने पुराने विवाद के चलते लाठी-डंडों से हमला कर दिया. इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए. पहले उन्हें स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार दिया गया, लेकिन हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया. जिला



अस्पताल में इलाज के दौरान बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी. बुधवार 25 मार्च को दोपहर करीब 12:30 बजे शव का पोस्टमार्टम कराया गया. पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है. अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

# 32 साल बाद इनामी वारंटी गिरफ्तार



■ बांदा से पकड़ा गया आरोपी ■ 1994 के केस में लंबे समय से था फरार

■ 10 हजार का घोषित था इनाम ■ हत्या प्रयास मामले में भी शामिल

**छतरपुर, 25 मार्च.** गौरिहार थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 32 साल पुराने मामले में फरार चल रहे 10 हजार के इनामी स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी को उत्तर प्रदेश के बांदा से पकड़ा गया, जिसके बाद पुलिस की इस सफलता की सराहना हो रही है. बुधवार दोपहर करीब 1 बजे मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी मुखिया अहिरवार वर्ष 1994 के गृह भेदन और मारपीट के मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था. पुलिस ने उस पर ?10 हजार का इनाम घोषित किया हुआ था. लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने उसका सुराग लगाकर उसे बांदा से गिरफ्तार किया.

> बताया गया है कि आरोपी वर्ष 1995 के हत्या के प्रयास के मामले में भी शामिल रहा है, जिससे उसकी आपराधिक पृष्ठभूमि गंभीर मानी जा रही है. पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है.



# शोभायात्रा से गूंजा जय श्रीराम

## छतरपुर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आगाज

**छतरपुर, 25 मार्च.** जिले के जानराय टोरिया में ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरुआत भव्य शोभायात्रा के साथ हुई. 51 फुट ऊंची अष्टधातु की विशाल हनुमान प्रतिमा के अनावरण के संकल्प के साथ शुरू हुए इस 9 दिवसीय आयोजन ने पूरे नगर को भक्ति और उत्साह में डुबो दिया.

यात्रा की शुरुआत 'मोटे के महावीर मंदिर' से विधिवत पूजन के साथ हुई, जहां 108 महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में कलश लेकर शामिल हुईं. यात्रा छत्रसाल चौक, महल रोड, चौक बाजार और फब्बारा चौक से होते हुए आयोजन स्थल पहुंची. पूरे मार्ग में भक्तों पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया. इस दौरान प्रताप नवयुवक संघ और सोनी समाज की बेटियों ने ढोल की थाप पर तलवारबाजी का शानदार

- **108 कलश और 51 स्वागत द्वारों से सजी यात्रा**
- **बेटियों ने तलवारबाजी कर दिखाया साहस**

प्रदर्शन किया. उनके शौर्य को देखकर पूरा नगर 'जय बजरंगबली' के नारों से गूंज उठा. महोत्सव के महंत जी ने इन बेटियों को विशेष रूप से सम्मानित भी किया. इस धार्मिक आयोजन में 102 वर्षीय महात्मा राजाराम आचार्य, महंत श्रृंगारी महाराज, विधायक ललिता यादव और दीप्ति पांडे सहित देशभर से आए संतों की उपस्थिति ने माहौल को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया. यह आयोजन क्षेत्र की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा का भव्य प्रतीक बनकर उभरा है.

# 2 माह में आंगनवाड़ी भवन की दीवारों मे आई दरारें

## कटिया पंचायत में 11 लाख के निर्माण पर उठे सवाल, घटिया निर्माण और भ्रष्टाचार के आरोप

**छतरपुर, 25 मार्च.** लवकुशनगर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कटिया में नव-निर्मित आंगनवाड़ी केंद्र में गंभीर खामियां सामने आई हैं. करीब 11.22 लाख

- **जांच के लिए उपयंत्री भेजने की बात**

रुपए की लागत से बने इस भवन की दीवारों में निर्माण के महज 2 माह के भीतर ही दरारें पड़ गई हैं, जिससे ग्रामीणों में डर और आक्रोश का माहौल है. ग्रामीणों का कहना है कि आंगनवाड़ी भवन की गुणवत्ता




बेहद खराब है. उनका आरोप है कि यदि समय रहते जांच और मरम्मत नहीं की गई, तो यह भवन कभी भी गिर सकता है. क्षेत्र में पहले भी घटिया निर्माण के चलते हादसे हो चुके हैं, जिससे लोगों की चिंता और बढ़ गई है. स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य में भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार हुआ है. उनका कहना है कि सरपंच और सचिव की मिलीभगत से घटिया सामग्री का उपयोग किया गया, जिसके कारण भवन इतनी जल्दी जर्जर हो गया. ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोहराई न जाए.

> इस संबंध में जनपद पंचायत के सीईओ पी.एल. यादव ने कहा है कि मामले की जानकारी मिलने पर उपयंत्री को जांच के लिए भेजा जाएगा. दोष पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में कितनी जल्दी और कितनी सख्ती से कदम उठाता है.

## मानव जन्म सबसे बड़ी कृपा : शास्त्री

**गंजबासौदा 25 मार्च.** वेत्रवती बेतवा तट स्थित श्री नौलखी तपोवन आश्रम में आयोजित श्री भक्तमाल कथा के चतुर्थ दिवस श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला. इस अवसर पर भागवताचार्य एवं ज्योतिषाचार्य डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने अपने अमृतमयी प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया. उन्होंने कहा कि मानव जन्म ईश्वर की सबसे बड़ी कृपा है और सत्संग उसका सर्वोत्तम उपयोग. पुण्यों के फलस्वरूप ही जीव को भारत भूमि में जन्म मिलता है, जहां संत, शास्त्र और सत्संग सहज उपलब्ध हैं.

# एनएसयूआई का विश्वविद्यालय में प्रदर्शन

**छतरपुर, 25 मार्च.** नगर स्थित महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में बुधवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर कुलसचिव को

- **कुलसचिव को सौंपा ज्ञापन**
- **5 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन**

ज्ञापन सौंपा. दोपहर करीब 1 बजे हुए इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्र शामिल हुए और विश्वविद्यालय प्रशासन के



खिलाफ नाराजगी जताई. कार्यकर्ताओं ने मांग की कि विश्वविद्यालय परिसर में भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित की जाए. इसके साथ ही छात्रवृत्ति शाखा में स्थायी प्रोफेसर की नियुक्ति, विश्वविद्यालय की व्यवस्थाओं में सुधार और छात्रों से जुड़े अन्य मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया गया.

> छात्रों का कहना है कि उनकी मांगें लंबे समय से लंबित हैं, लेकिन अब तक उन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है. उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही मांगें पूरी नहीं की गईं, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा.

# पात्र किसान को सम्मान निधि से किया वंचित

## गौरीहार में पटवारी पर मनमानी के आरोप, कार्रवाई की मांग

**छतरपुर, 25 मार्च. गौरीहार तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत नदौता के संलग्न ग्राम कल्याणपुर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से एक पात्र किसान को वंचित किए जाने का मामला सामने आया है. पीड़ित रामआसरे अहिरवार ने संबंधित पटवारी पर मनमानी और व्यक्तिगत रंजिश के आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है.**

रामआसरे अहिरवार के अनुसार, उनके नाम पर खसरा क्रमांक 299 और 300 की भूमि दर्ज है. वे वर्ष 2023 में सेवानिवृत्त



हो चुके हैं और वर्तमान में मात्र 1391 रुपए प्रतिमाह पेंशन प्राप्त कर रहे हैं. इसके बावजूद उन्हें किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है. उन्होंने 181 सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत भी दर्ज कराई, लेकिन आरोप है कि हल्का पटवारी द्वारा गलत जानकारी देकर शिकायत का निराकरण कर दिया गया.

> इधर, ग्रामीणों ने भी पटवारी सचिन शुक्ला पर सीमांकन न करने और फाइलें लंबित रखने के गंभीर आरोप लगाए हैं. ग्रामीणों का कहना है कि कई वर्षों से सीमांकन के आवेदन लंबित हैं और विरोध करने पर उन्हें धमकाया जाता है. इस मामले में जब पटवारी से बात की गई तो उन्होंने हितग्राही को अपात्र बताया वहीं, एसडीएम बलबीर रमन ने कहा कि पात्र-अपात्र का निर्णय संबंधित अधिकारियों का विषय है.

## कलेक्टर किया कुरवाई क्षेत्र का दौरा

**कुरवाई 25 मार्च.** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कुरवाई तहसील के विभिन्न ग्रामों का सघन भ्रमण कर शासकीय योजनाओं और निर्माणाधीन कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया. इस दौरान उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पशुपालन और पेयजल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अधिकारियों को कड़े दिशा-निर्देश दिए गये है. कलेक्टर के साथ जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया और एसडीएम मनीष जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे.

**स्वागत** | **छतरपुर में बनेगा आधुनिक क्रिकेट स्टेडियम, बेटियों को मिलेगा मंच**

# क्रांति गौड़ के नाम होगा सटई स्टेडियम

**छतरपुर , 25 मार्च.** बुंदेलखंड की धरती से निकलकर क्रिकेट में पहचान बनाने वाली राष्ट्रीय महिला खिलाड़ी क्रांति गौड़ के सम्मान में छतरपुर के सटई में

**राष्ट्रीय खिलाड़ी के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब**

**नवंबर तक स्टेडियम उद्घाटन की संभावना**

'क्रांति गौड़ क्रिकेट स्टेडियम' का निर्माण किया जा रहा है. उनके प्रथम नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया, जहां



नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा पुष्प वर्षा और गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया गया. इस दौरान खिलाड़ी ने स्टेडियम निर्माण कार्य का निरीक्षण कर आधुनिक सुविधाओं को लेकर सुझाव भी दिए. इस पहल का उद्देश्य केवल एक खिलाड़ी का सम्मान करना नहीं, बल्कि क्षेत्र में खेलों के प्रति बदलती सामाजिक सोच को बढ़ावा देना है. क्रांति गौड़ ने कहा कि वर्ल्ड कप के बाद लड़कियों में क्रिकेट के प्रति रुचि तेजी से बढ़ी है और अब परिवार भी बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं. उन्होंने युवा खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करने का संदेश दिया. स्टेडियम का निर्माण कार्य तेजी से जारी है और संभावना है कि नवंबर तक इसे पूरा कर भव्य उद्घाटन किया जाएगा. इस मौके पर संकुल प्राचार्य सुशीला वर्मा और थाना प्रभारी सुनीता बिंदुआ सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे.

# नौगांव में भव्य चुनरी यात्रा निकली

## 'जय माता दी' के जयकारों से गूंजा नगर, हजारों श्रद्धालु यात्रा में शामिल

**छतरपुर , 25 मार्च.** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर नौगांव नगर में आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला. साहू मोहल्ला स्थित प्राचीन शंकर मंदिर से भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए. ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के बीच पूरा नगर 'जय माता दी' के जयकारों से गूंज उठा.

सुबह से ही मंदिर परिसर में

- **महिलाओं की रिकॉर्ड भागीदारी**
- **बड़ी देवी मंदिर में पूजन-भंडारा**

श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी. विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद यात्रा का शुभारंभ हुआ. नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते समय जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया, जिससे आयोजन की भव्यता और बढ़ गई. इस यात्रा की सबसे खास बात महिलाओं और युवतियों की बड़ी भागीदारी रही. सिर पर चुनरी और हाथों में कलश व ध्वज लेकर महिलाएं भक्ति में लीन नजर आईं. कड़ी धूप के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ. नगर भ्रमण के बाद यात्रा बड़ी देवी मंदिर पहुंची, जहां मंत्रोच्चार के साथ माता रानी को चुनरी अर्पित की गई. महाआरती के बाद प्रसाद



वितरण और भंडारा आयोजित किया गया. आयोजन समिति ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य नगर की सुख-समृद्धि और सामाजिक एकता का संदेश देना है. सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल भी पूरी तरह मुस्तैद रहा, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ.

## नवरात्रि पर मंदिरों में कड़ी सुरक्षा

चैत्र नवरात्रि पर्व को देखते हुए छतरपुर जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है. प्रमुख मंदिरों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो. पुलिस ने निर्भया टीम और अतिरिक्त मोबाइल टीमों को भी सक्रिय कर दिया है, जो लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रही हैं. इन टीमों का उद्देश्य सुरक्षा बनाए रखना और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई करना है. इसके साथ ही प्रमुख मार्गों



पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष निगरानी रखी जा रही है. पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके.